15/03/2026 आकाशवाणी, भोपाल 2.10 पीएम

दोपहर समाचार

'माई भारत बजट क्वेस्ट'–प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज से शुरू होने वाले 'माई भारत बजट क्वेस्ट 2026' प्रतियोगिता के विजेताओं के साथ बातचीत करेंगे। इस पहल का उद्देश्य युवाओं को केंद्रीय बजट पर चर्चा करने और विकसित भारत के निर्माण पर अपने विचार साझा करने के लिए प्रोत्साहन देना है।राज्य और केंद्रशासित प्रदेश स्तर पर 'माई भारत बजट प्रतियोगिता 2026' में 12 लाख से अधिक युवा प्रतिभागियों ने भाग लिया और 47 हजार निबंध जमा किए गए। केंद्रीय बजट 2026 व्यापक रूप से युवा शक्ति–प्रेरित बजट माना जा रहा है। ये बजट शिक्षा, कौशल विकास, उद्यमिता, नवाचार और भविष्य के लिए तैयार विकास के अवसरों में निवेश के माध्यम से देश के युवाओं को सशक्त बनाने पर विशेष बल देता है। इस संदर्भ में, माय भारत प्लेटफॉर्म पर आयोजित माय भारत बजट क्वेस्ट 2026 एक अनूठी पहल के रूप में उभरी है।

शाह – असम दौरा

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी–भाजपा की नेतृत्व वाली सरकार के पिछले 10 वर्षों में असम पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए एक प्रमुख स्वास्थ्य सेवा केंद्र के रूप में विकसित हुआ है। इससे निवासियों को इलाज के लिए क्षेत्र से बाहर यात्रा करने की आवश्यकता कम हो गई है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज गुवाहाटी में 2090 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

जनजातीय सम्मेलन–मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज बुरहानपुर जिले के नेपानगर में आयोजित विशाल जनजातीय सम्मेलन में सम्मिलित होंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री क्षेत्र के विकास के लिए 363 करोड़ 82 लाख रुपये की लागत वाले 127 निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करेंगे।

विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस

आज विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश के सभी नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएँ दी हैं। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया के माध्यम से अपने संदेश में कहा कि उपभोक्ता किसी भी अर्थव्यवस्था का आधार होते हैं और उनकी जागरूकता ही बाजार को गति और सही पहचान प्रदान करती है।

<u>ईरानी कमांडर</u>

अमरीका और उसके सहयोगियों के साथ बढ़ते तनाव के बीच, एक वरिष्ठ ईरानी कमांडर ने कहा है कि होर्मुज जलडमरूमध्य खुला है और ईरान के नियंत्रण में है। आईआरजीसी नौसेना के कमांडर अलीरेज़ा तंगसिरी ने कहा कि ईरान की नौसेना को नष्ट करने या तेल टैंकरों को सुरक्षित एस्कॉर्ट प्रदान करने के बारे में अमरीका के दावे झूठे हैं।

<u>यूरिया भंडार</u>

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा है कि आने वाले खरीफ मौसम के लिए देश में यूरिया का भंडार पिछले वर्ष की तुलना में अधिक है।

<u>संगीत समारोह–चंदेरी</u>

चंदेरी में महान संगीतज्ञ बैजू बावरा की स्मृति में आज से तीन दिवसीय संगीत समारोह का आयोजन किया जा रहा है। केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया आज शाम इसका शुभारंभ करेंगे। संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित इस प्रतिष्ठित समारोह में आज प्रदेश के श्रेष्ठ कलाकारों को राज्य रूपंकर कला पुरस्कारों से अलंकृत किया जाएगा। महोत्सव के प्रथम दिवस सुविख्यात गायक पद्मश्री अनूप जलोटा भजनों की प्रस्तुति देंगे।

<u>समाचार संक्षेप में :–</u>

- मंडला शहर में कल मंडला साइकिलिंग क्लब द्वारा माँ नर्मदा की उत्तरवाहिनी परिक्रमा का आयोजन किया गया। यात्रा में क्लब के करीब 35 साइकिलिस्ट शामिल हुए।
- आगरमालवा में "नवभारत साक्षरता कार्यक्रम (उल्लास)" के अन्तर्गत कल आयोजित हुई परीक्षा में बड़ी संख्या में आजीविका मिशन से जुड़ी स्व–सहायता समूह महिलाओं की सहभागिता रही।
- शिवपुरी जिले में नेशनल लोक अदालत के लिए गठित 29 खंडपीठों द्वारा कुल 665 प्रकरणों का निराकरण किया गया। साथ ही विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 1627 प्रीलिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण भी किया गया।

——————————